# मौद्रिक नीति में यथास्थिति बरकरार रहने के आसार

**अनूप रॉय**
मुंबई, 6 अक्टूबर

अर्थशास्त्रियों और बॉन्ड कारोबारियों ने 9 अक्टूबर को नीतिगत दरों में यथास्थिति बरकरार रहने की उम्मीद जताई है। उनका मानना है कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) पहले की गई कटौती के अंतिम लाभार्थियों तक हस्तांतरित होने के लिए फिलहाल इंतजार करेगी। इसके अलावा पैनल में नए सदस्यों के देरी से शामिल होने के कारण भी पुराने निर्णयों को बरकरार रखने का दबाव हो सकता है।

बिजनेस स्टैंडर्ड से बातचीत में शामिल सभी अर्थशास्त्रियों और बॉन्ड कारोबारियों ने उम्मीद जताई कि नीतिगत दरों में यथास्थिति फिलहाल जारी रहेगी।

सरकार ने देर सोमवार को भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद के प्रोफेसर जयंत वर्मा, प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य आशिमा गोयल और नैशनल काउंसिल फॉर अप्लायड इकनॉमिक रिसर्च के वरिष्ठ सलाहकार शशांक भिडे को मौद्रिक नीति समिति में बाहरी सदस्य के तौर पर शामिल किए जाने की घोषणा की।

इन सदस्यों को नीति तैयार करने की प्रक्रिया में तत्काल शामिल होना होगा। साथ ही उन्हें बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को होने वाली मौद्रिक नीति की तीन दिवसीय बैठक में भी भाग लेना होगा। मौद्रिक नीति समिति की बैठक को मूल रूप से 29, 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को आयोजित होनी थी लेकिन नए सदस्यों की घोषणा न होने के कारण उसे टालना पड़ा। हालांकि नए सदस्य सभी डोमेल में विशेषज्ञ हैं लेकिन आरबीआई में उन्हें जनता के लिए जारी होने वाले आंकड़ों को देखेंगे। इसलिए अर्थशास्त्रियों का कहना है कि वे पहली बैठक में ही अपनी बात नहीं रखना चाहेंगे और फिलहाल वे यथास्थिति को बरकरार रखने के पक्ष में होंगे। इस प्रकार अर्थशास्त्रियों ने उम्मीद जताई है कि पैनल फिलहाल आरबीआई के मौद्रिक नीति विभाग (एमपीडी) पर अधिक निर्भर करेगा।

भारतीय स्टेट बैंक समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्यकांति घोष ने कहा, 'नए एमपीसी सदस्यों के शामिल होने से आरबीआई के किसी भी निर्णय पर प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है क्योंकि हमारा मानना है कि आरबीआई से निर्णायक इनपुट लेने के साथ समूह के तौर पर एमपीसी निर्णय लेने के लिए तकनीकी तौर पर कहीं अधिक सशक्त होगा। साथ ही 2016 में जब नए एमपीसी सदस्यों को शामिल किया गया था तो पहले की कुछ बैठकों में निर्णय हमेशा सर्वसम्मत से ही लिए गए थे। इससे पता चलता है कि अंततः नियामक मायने रखता है।' घोष को शेष वित्त वर्ष के दौरान दरों में किसी भी तरह की कटौती की उम्मीद नहीं है।

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री समीर नारंग ने कहा, 'आरबीआई का मौद्रिक नीति विभाग (एमपीडी) नीति तैयार करने में एमपीसी की मदद करेगा। मौजूदा ढांचा और एमपीडी की मदद को देखते हुए ऐसा नहीं लगता है कि नए सदस्यों के शामिल होने से कोई खास प्रभाव पड़ेगा।' मुद्रास्फीति 4 फीसदी के आरकीआई के लक्ष्य से ऊपर है और अधिकत 6 फीसदी तक उसे बर्दाश्त किया जा सकता है। इसी प्रकार बॉन्ड बाजार के प्रतिभागियों की धारणा भी अच्छी दिख रही है।


आईसीआईसीआई बैंक के ग्रुप एग्जिक्यूटिव और वैश्विक बाजार के प्रमुख प्रसन्न बालचंद्र ने कहा, 'मौद्रिक नीति समिति की बैठक में निर्णय काफी हद तक आरबीआई के गवर्नर की सोच से प्रेरित होंगे क्योंकि अन्य तीन सदस्य काफी नए हैं। इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि नीतिगत दरें बरकरार रहेंगी लेकिन मुद्रास्फीति का कम करने और वृद्धि को रफ्तार देने पर ध्यान केंद्रित होगा।'

इंडिया रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री देवेंद्र पंत ने कहा, 'एमपीसी में जिन लोगों की नियुक्ति हुई है वे नियमित तौर पर अर्थव्यवस्था पर नजर रखेंगे। अंततः वह निर्णय छह बुद्धिजीवियों का होगा। ऐसा नहीं लगता है कि सदस्यों की नियुक्ति से मौद्रिक नीति के नतीजे पर कोई खास प्रभाव पड़ेगा।' रीपो दर फिलहाल 4 फीसदी है जबकि रिवर्स रीपो दर 3.35 फीसदी।

इंडसइंड बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री गौरव कपूर ने कहा, 'मुद्रास्फीति लक्ष्य से ऊपर है और ऐसे में एमपीसी का जोर दरों को यथावत बरकरार रखने पर होगा। दरों में काफी कटौती पहले ही की जा चुकी है और उसका लाभ अंतिम लाभार्थियों तक पहुंचना अभी बाकी है।'

ऐक्सिस बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री सौगत भट्टाचार्य का भी मानना है कि नीतिगत दरों में यथास्थिति बरकरार रहेगी। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने भी उम्मीद जताई कि आगामी आगामी बैठक में नीतिगत दरों में कटौती नहीं की जाएगी। कोटक महिंद्रा बैंक की वरिष्ठ अर्थशास्त्री उपासना भारद्वाज का मानना है कि पैनल में नए सदस्यों के शामिल होने के बावजूद नीतिगत दरों में फिलहाल ठहराव रहेगा।

### समिति की बैठक पर नजर




- अर्थशास्त्रियों ने उम्मीद जताई है कि पैनल फिलहाल आरबीआई के मौद्रिक नीति विभाग (एमपीडी) पर अधिक निर्भर करेगा
- कोटक महिंद्रा बैंक की वरिष्ठ अर्थशास्त्री उपासना भारद्वाज का मानना है कि पैनल में नए सदस्यों के शामिल होने के बावजूद नीतिगत दरों में फिलहाल ठहराव रहेगा
- इंडिया रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री देवेंद्र पंत ने कहा, 'एमपीसी में जिन लोगों की नियुक्ति हुई है वे नियमित तौर पर अर्थव्यवस्था पर नजर रखेंगे

# बजाज फाइनैंस बरकरार रखेगी कोविड संबंधित प्रावधान

**सुब्रत पांडा**
मुंबई, 6 अक्टूबर

**उपभोक्ता वित्त** कंपनी बजाज फाइनैंस ने कहा है कि वह वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही में कोविड-19 के लिए अपने प्रावधान में वृद्धि बरकरार रखेगी। वित्त वर्ष 2021 की पहली तिमाही में ऋणदाता ने कोविड-19 के लिए 1,450 करोड़ रुपये का अतिरिक्त आकस्मिक प्रावधान किया था, जिससे कोविड के संबंध में आकस्मिक प्रावधान से संबंधित उसका खर्च 30 जून 3020 तक बढ़कर 2,350 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही के अंत में बजाज फाइनैंस का पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) 26.5 प्रतिशत पर दर्ज किया गया जो वित्त वर्ष 2021 की पहली तिमाही के लगभग समान है।

# मौद्रिक नीति समिति के नए सदस्य

**श्रीमी चौधरी और अनूप रॉय**
नई दिल्ली/मुंबई, 6 अक्टूबर

**सरकार ने** रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति के बाह्य सदस्यों के तौर पर जयंत वर्मा (भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद में प्रोफेसर), प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की पूर्व सदस्य आशिमा गोयल और नैशनल काउंसिल फॉर अप्लायड इकोनोमिक रिसर्च में वरिष्ठ सलाहकार शशांक भिडे को नियुक्त किया है। इनके बारे में नीचे विस्तार से जानकारी दी जा रही है।



## जयंत आर वर्मा

जयंत आर वर्मा वित्तीय बाजारों में चर्चित विश्लेषक माने जाते हैं। वह मौजूदा समय में भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम), अहमदाबाद में प्रोफेसर हैं और पूंजी बाजार, निर्धारित आय, वैकल्पिक निवेश और कॉरपोरेट फाइनैंस में पाठ्यक्रमों को पढ़ाते हैं। वह तीन साल तक आईआईएम के डीन रहे थे। इससे पहले वह एक साल तक बाजार नियामक सेबी के पूर्णकालिक सदस्य थे। अनुभवी कॉस्ट अकाउंटेंट के तौर पर भी चर्चित प्रो. वर्मा को आईआईएम से शानदार प्रदर्शन के लिए गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया था। वह सेकेंडरी मार्केट्स एडवायजरी कमेटी के चेयरमैन रहे हैं और सेबी की कई अन्य समितियों से भी जुड़े रहे। वह पूर्व जिंस बाजार नियामक वायदा बाजार आयोग (एफएमसी) द्वारा स्थापित कई समितियों के चेयरमैन भी रहे हैं। वर्मा ने वित्तीय क्षेत्र के सुधारों और आरबीआई गवर्नर रघुराम राजन की अध्यक्षता वाले फाइनैंशियल सेक्टर लेजिस्लेटिव रिफॉर्म्स कमीशन में भी अपना योगदान दिया। वर्मा ऐक्सिस बैंक लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन, गुजरात इंटरनैशनल फाइनैंस टेक-सिटी, इन्फोसिस बीपीएम लिमिटेड और पंजाब नैशनल बैंक समेत कई कंपनियों के बोर्ड में भी शामिल रह चुके हैं। उन्होंने कार्यकारी निदेशक के तौर पर एक बड़ी वित्तीय सेवा कंपनी के साथ भी एक साल तक काम किया, जहां उन्होंने म्युचुअल फंड के लिए निवेश एवं शोध की जिम्मेदारी संभाली थी।



## आशिमा गोयल

आशिमा गोयल मौद्रिक नीति निर्माण में अनुभवी हैं। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) में स्वतंत्र सदस्य के तौर पर उनकी नियुक्ति अर्थशास्त्रियों के लिए आश्चर्यजनक नहीं है और इसकी उम्मीद जताई जा रही थी।

वह भारत में उन कुछ स्वतंत्र अर्थशास्त्रियों में से एक हैं जिन्हें वृहद अर्थव्यवस्था और मौद्रिक नीति शोध के क्षेत्र में अच्छी समझ है। आशिमा नीतिगत मामलों पर आरबीआई गवर्नर को परामर्श मुहैया कराने वाली तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) की सदस्य थीं। उन्होंने विश्व बैंक, एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के लिए भी परामर्श मुहैया कराया है। आशिमा प्रख्यात इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट रिसर्च (आईजीआईडीआर) में अर्थशास्त्र की प्रोफेसर हैं और वहां वह मुख्य तौर पर वृहद अर्थव्यवस्था के बारे में पढ़ाती हैं। वह प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएमईएसी) की भी सदस्य रह चुकी हैं। एमपीसी में अपनी नियुक्ति के बाद उन्होंने इस परिषद से इस्तीफा दे दिया।

उनसे मीडिया द्वारा अक्सर मौद्रिक नीति पर उनके विचारों के बारे में पूछा जाता रहा है और यदि एमपीसी परिणाम के विरोध की बात हो तो उनका जवाब पीएमईएसी सदस्य के विचार के तौर पर देखा जाता है। उनके शोध एवं हितों के क्षेत्रों में मुक्त अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय वित्त, वित्तीय बाजार और नियमन, संस्थान एवं विकास शामिल हैं।



## शशांक भिडे

शशांक भिडे को कृषि, वृहद अर्थव्यवस्था मॉडलिंग, इन्फ्रास्ट्रक्चर और गरीबी विश्लेषण जैसे कई क्षेत्रों में गहन शोध अनुभव हासिल है। वह मौजूदा समय में नैशनल काउंसिल फॉर अप्लायड इकोनोमिक रिसर्च (एनसीएईआर) में वरिष्ठ सलाहकार हैं। उन्होंने बेंगलूरु में इंस्टीट्यूट फॉर सोशल ऐंड इकोनोमिक चेंज के संचालन परिषद के सदस्य के तौर पर भी काम किया है। उन्होंने वृहद आर्थिक मामलों, कृषि और सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर कई लेखों और पुस्तकों, और राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय प्रकाशनों में पुस्तक अध्यायों को भी प्रकाशित कराया है।भिडे 80 के दशक में अमेरिका के आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी के कृषि एवं ग्रामीण विकास केंद्र में स्टाफ इकोनोमिस्ट के तौर पर भी काम कर चुके हैं। 1998-1999 में, वह आस्ट्रेलिया साउथ एशिया रिसर्च सेंटर, रिसर्च स्कूल ऑफ पैसीफिक ऐंड एशियन स्टडीज, आस्ट्रेलियन नैशनल यूनिवर्सिटी, कैनबरा में विजिटिंग फेलो थे। र्ष 2003 में बेंगलूरु में इंस्टीट्यूट फॉर सोशल ऐंड इकोनोमिक चेंज में आरबीआई यूनिट के प्रमुख की कमान संभाली थी। वर्ष 2014 और 2018 के बीच वह चेन्नई में मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज में निदेशक थे।


**THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. THIS DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE FOR SECURITIES. NOT FOR PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.**

## LIKHITHA INFRASTRUCTURE LIMITED

Our Company was incorporated under the provisions of the Companies Act, 1956 as "Likhitha Constructions Private Limited" on August 06, 1998, as a private limited company vide Certificate of Incorporation issued by RoC, Hyderabad, Andhra Pradesh. Our Company's name was subsequently changed to "Likhitha Infrastructure Private Limited" pursuant to a Fresh Certificate of Incorporation consequent upon change of name dated March 30, 2011 issued by RoC, Hyderabad, Andhra Pradesh. Subsequently, our Company was converted into a public limited company and the name of our Company changed to "Likhitha Infrastructure Limited" pursuant to a shareholders' resolution passed at the Extra-Ordinary General Meeting of our Company held on January 11, 2019 and a Fresh Certificate of Incorporation dated February 12, 2019 was issued by the RoC, Hyderabad. For details on change of name and registered office of our Company, please refer to chapter titled "History and Certain Corporate Matters" beginning on page 145 of the Red Herring Prospectus **("RHP").**

**Registered office:** Flat No. 701, Plot No.8-3-940 and 8-3-940/A to E, Tirumala Shah Residency, Yellareddy Guda, Ameerpet, Hyderabad-500073, Telangana, India | **Telephone:** +91 40-23752657 | **Email:** cs@likhitha.in | **Website:** www.likhitha.co.in|
**Contact Person:** Mr. Santhosh Kumar Gunemoni, Company Secretary and Compliance Officer;
**Corporate Identity Number:** U45200TG1998PLC029911

**OUR PROMOTERS: MR. SRINIVASA RAO GADDIPATI AND MS. LIKHITHA GADDIPATI**

**PUBLIC ISSUE OF UPTO 51,00,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH OF LIKHITHA INFRASTRUCTURE LIMITED (THE "COMPANY" OR THE "ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF ₹ [●]/- PER EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ [●]/- PER EQUITY SHARE (THE "ISSUE PRICE") AGGREGATING TO ₹ [●] LAKHS ("THE ISSUE"). THE ISSUE WILL CONSTITUTE [●]% OF THE POST ISSUE PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.**

**QIB CATEGORY: UPTO 1% OF THE ISSUE**
**NON-INSTITUTIONAL INVESTOR CATEGORY: NOT LESS THAN 64% OF THE ISSUE**
**RETAIL CATEGORY: NOT LESS THAN 35% OF THE ISSUE**

**Price Band: ₹ 116 to ₹ 120 per Equity Share of face value of ₹ 10 each**
**The Floor Price is 11.60 times of the face value and the Cap Price is 12.00 times of the face value.**
**Bids can be made for a minimum of 125 Equity Shares and in multiples of 125 Equity Shares thereafter.**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **ASBA*** | **Simple, safe, smart way of Application!!!!** | **Mandatory in Public issues. No cheque will be accepted*** | Applications supported by blocked amount (ASBA) is a better way of applying to issues by simply blocking the fund in the bank account. For further details, check section on ASBA below. |

UPI UNIFIED PAYMENTS INTERFACE

**UPI-Now available in ASBA for Retail Individual Investors ("RII")****
Investors are required to ensure that the bank account used for bidding is linked to their PAN.
UPI – Now available in ASBA for Retail Individual Bidders applying through Registered Brokers, DPs & RTA. Retail Individual Bidders also have the option to submit the application directly to the ASBA Bank (SCSBs) or to use the facility of linked online trading, demat and bank account.

**ASBA has to be availed by all the investors except Anchor Investors (if any). UPI may be availed by RIIs.*
*For details on the ASBA and UPI process, please refer to the details given in ASBA Form and abridged prospectus and also please refer to the section "Issue Procedure" beginning on page 284 of the RHP. The process is also available on the website of AIBI and Stock Exchanges in the General information Document. ASBA Forms can be downloaded from the website of BSE Limited ("BSE") and National Stock Exchange of India Limited ("NSE", and together with BSE, the "Stock Exchanges") and can be obtained from the list of banks that is displaying on website of SEBI at www.sebi.gov.in. ** List of banks supporting UPI is also available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in. For the list of UPI Apps and Banks live on IPO, please refer to the link: www.sebi.gov.in. ICICI Bank Limited has been appointed as Sponsor Bank for the Issue in accordance with the requirements of the SEBI Circular dated November 1, 2018, as amended.*

| BID/ ISSUE PERIOD | OPEN |
|---|---|
| | CLOSES ON: WEDNESDAY, OCTOBER 07, 2020 |

**ADDENDUM - NOTICE TO INVESTORS**

The Company has issued RHP dated September 17, 2020 and Corrigendum dated October 01, 2020, in respect of IPO of the Company. Attention of investors is being brought to–

**The statement in the corrigendum- "Please note that the bidders have a right to withdraw/ revise their bids in light of this corrigendum.", shall be supplemented with-**

**"All Bidders (QIBs, Non-Institutional Bidders and Retail Individual Bidders) shall have the option to withdraw their applications before the closing of the Issue.**

**This withdrawal option can be exercised by either : through the Stock Exchange Software/ Mechanism or Manually by approaching the Registrar to the Issue.".**

The Corrigendum shall be supplemented to the extent stated hereinabove and the above notice is required to be read in conjunction with it.

| BOOK RUNNING LEAD MANAGER | REGISTRAR TO THE ISSUE | COMPANY SECRETARY & COMPLIANCE OFFICER |
|---|---|---|
| UNISTONE<br>**UNISTONE CAPITAL PRIVATE LIMITED**<br>12, Floor no. 02, Shashank CHS Ltd,<br>Manmala Tank Road,<br>Near Starcity Cinema Mahim,<br>Mumbai 400 016, India.<br>**Telephone:** +91 9322997964<br>**Email:** mb@unistonecapital.com<br>**Investor grievance email:**<br>compliance@unistonecapital.com<br>**Contact Person:** Mr. Brijesh Parekh<br>**Website:** www.unistonecapital.com<br>**SEBI registration number:** INM000012449<br>**CIN:** U65999MH2019PTC330850 | **BIGSHARE SERVICES PRIVATE LIMITED**<br>1st Floor, Bharat Tin Works Building<br>Opp. Vasant Oasis, Makwana Road,<br>Marol, Andheri (East), Mumbai 400059, India.<br>**Telephone:** +91 22 6263 8200<br>**Facsimile:** +91 22 6263 8280<br>**Email:** ipo@bigshareonline.com<br>**Investor grievance email:**<br>investor@bigshareonline.com<br>**Contact Person:** Mr. Ashish Bhope<br>**Website:** www.bigshareonline.com<br>**SEBI Registration Number:** INR000001385<br>**CIN:** U99999MH1994PTC076534U6 | **Mr. Santhosh Kumar Gunemoni**<br>Flat No. 701, Plot No.8-3-940 and 8-3-940/A to E, Tirumala Shah Residency, Yellareddy Guda, Ameerpet, Hyderabad-500073, Telangana, India.<br>**Telephone:** 040-23752657<br>**Email id:** cs@likhitha.in<br>**Website:** www.likhitha.co.in<br><br>Investors can contact the Company Secretary and Compliance Officer, BRLM or the Registrar to the Issue in case of any pre-Issue or post Issue related problems, such as non-receipt of letters of Allotment, non-credit of Allotted Equity Shares in the respective beneficiary account, non-receipt of refund orders or non-receipt of funds by electronic mode. |

**All capitalised terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the RHP. This addendum should be read in conjunction with the Corrigendum to the RHP and RHP. This Addendum shall be available on the respective websites of SEBI at www.sebi.gov.in, the Stock Exchanges at www.bseindia.com, www.nseindia.com and the website of the BRLM to the Issue at www.unistonecapital.com.**

**For LIKHITHA INFRASTRUCTURE LIMITED**
On Behalf of the Board of Directors
**Sd/-**
**Srinivasa Rao Gaddipati**
**Managing Director**

**Place: Hyderabad**
**Date: October 06, 2020**

**Likhitha Infrastructure Limited** is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to undertake an initial public offering of its Equity Shares and has filed the RHP with Registrar of Companies Telangana at Hyderabad on September 17, 2020. The RHP shall be available on the website of the SEBI at www.sebi.gov.in, the website of the BRLM to the Issue at www.unistonecapital.com and websites of BSE and NSE i.e. www.bseindia.com and www.nseindia.com, respectively. Investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, see section titled "Risk Factors" beginning on page 31 of the RHP. Potential investors should not rely on the DRHP for making any investment decision.

The Equity Shares offered in the Issue have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the "Securities Act") or any state securities laws in the United States, and unless so registered, may not be offered or sold within the United States except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act and any applicable U.S. state securities laws. There will be no public offering in the United States and the securities being offered in this announcement are not being offered or sold in the United States.



## फॉर्म जी
## अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण

(दिवाला और शोधन अक्षमता (कारपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवालिया संकल्प प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36ए(1) के तहत)

| संबंधित विवरण | | |
|---|---|---|
| 1 | **कारपोरेट देनदार का नाम** | **बघौली शुगर एंड डिस्टीलेरी लिमिटेड** |
| 2 | कारपोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 21 अप्रैल, 2006 |
| 3 | प्राधिकरण जिसके तहत कारपोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | कंपनी पंजीयक–कानपुर |
| 4 | कारपोरेट देनदार की कारपोरेट पहचान संख्या/ सीमित देयता पहचान संख्या | U15424UP2006PLC031662 |
| 5 | कारपोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय और प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता | **पंजी. कार्यालयः** गांव–बीकापुर, बघौली, जिला हरदोई, उत्तर प्रदेश |
| 6 | कारपोरेट देनदार का दिवालियापन शुरू होने की तिथि | 7 फरवरी, 2020 |
| 7 | अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण तिथि | 7 अक्टूबर, 2020 (पहले 13 अगस्त, 2020) |
| 8 | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत संकल्प आवेदन के लिए पात्रता उपलब्ध हैः | ip.baghaulisugar@gmail.com पर ईमेल भेजकर संकल्प पेशेवर को अनुरोध कर प्राप्त की जा सकती है |
| 9 | धारा 29ए के तहत लागू अपात्रता के नियम उपलब्ध हैंः | ip.baghaulisugar@gmail.com पर ईमेल भेजकर संकल्प पेशेवर को अनुरोध कर प्राप्त किए जा सकते हैं |
| 10 | अभिरुचि की अभिव्यक्ति प्राप्ति की अंतिम तिथि | 22 अक्टूबर, 2020 (पहले 28 अगस्त, 2020) |
| 11 | संभावी संकल्प आवेदन की अनंतिम सूची के निर्गम की तिथि | 22 अक्टूबर, 2020 (पहले 31 अगस्त, 2020) |
| 12 | अनंतिम सूची को आपत्तियाँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 27 अक्टूबर, 2020 (पहले 5 सितंबर, 2020) |
| 13 | संभावी संकल्प आवेदकों की अंतिम सूची निर्गम की तिथि | 29 अक्टूबर, 2020 (पहले 7 सितंबर, 2020) |
| 14 | संभावी संकल्प आवेदकों को संकल्प के लिए सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और अनुरोध निर्गम की तिथि | 25 अक्टूबर, 2020 (पहले 5 सितंबर, 2020) |
| 15 | संकल्प योजना के लिए अनुरोध, मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन और आगे की सूचना प्राप्ति का तरीका | आरएफआरपी, मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन और अन्य सूचना संकल्प पेशेवर द्वारा आईबीसी, 2016 की धारा 29ए के तहत केवाईसी, निवेश क्षमता, प्रबंधन की क्षमता और पात्रता और बोली–पूर्व अर्हता मापदंड सत्यापन के बाद इलैक्ट्रोनिक रूप में शेयर किए जायेंगे। |
| 16 | संकल्प योजना जमा करने की अंतिम तिथि | 24 नवंबर, 2020 (पहले 5 अक्टूबर, 2020) |
| 17 | संकल्प प्रोफेशनल को संकल्प योजना जमा करने का तरीका | क्रमांक 20 पर उल्लिखित ई–मेल आईडी पर इलैक्ट्रोनिक रूप में |
| 18 | अनुमोदन के लिए निर्णायक प्राधिकारी को संकल्प योजना जमा करने की अनुमानित तारीख | सीओसी द्वारा संकल्प योजना के अनुमोदन के तुरंत बाद |
| 19 | संकल्प पेशेवर का नाम और पंजीकरण संख्या | **नाम– विवेक रहेजा**<br>**पंजी. सं.** IBBI/IPA-001/IP-P00055/2017-18/10133 |
| 20 | बोर्ड में यथापंजीकृत संकल्प पेशेवर का नाम, पता और ई–मेल | **नाम– विवेक रहेजा**<br>**पंजी. पता–** जेडी–2सी, दूसरा तल, पीतमपुरा, दिल्ली–110034<br>**पंजी. ईमेल–** vivek@vpgs.in |
| 21 | संकल्प पेशेवर से पत्राचार के लिए प्रयोग किया जाने वाला पता और ई–मेल | **पत्राचार पता–** ओसरिक रिसॉल्यूशन प्रा. लि., 908, 9वां तल, डी मॉल, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, दिल्ली–110034<br>**पत्राचार ईमेल–** ip.baghaulisugar@gmail.com |
| 22 | अधिक विवरण उपलब्ध है | अन्य किसी जानकारी के लिए पूछताछ प्रश्न क्रमांक 21 पर उल्लिखित ईमेल आईडी/पते पर भेजे जा सकते हैं |
| 23 | फॉर्म जी प्रकाशन की तिथि | **7 अक्टूबर, 2020** |

**नोटः** उपर्युक्त तिथियाँ सीओसी और एनसीएलटी द्वारा सीआईआरपी अवधि विस्तार के तहत हैं इसलिए सीआईआरपी की अंतिम तिथि 11 नवंबर, 2020 है।

**विवेक रहेजा**
संकल्प पेशेवर, बघौली शुगर एंड डिस्टीलेरी लिमिटेड
**पंजी. सं.:** IBBI/IPA-001/IP-P00055/2017-18/10133
**ई–मेलः** ip.baghaulisugar@gmail.com, vivek@vpgs.in

**दिनांकः** 07.10.2020
**स्थानः** दिल्ली



BRADYS Quality. Our Legacy

**BRADY & MORRIS ENGINEERING CO. LTD.**
**POST OFFER PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR THE ATTENTION OF EQUITY SHAREHOLDERS OF BRADY AND MORRIS ENGINEERING COMPANY LIMITED FOR DELISTING OF EQUITY SHARES**
**Corporate Identification No.: L29150MH1946PLC004729**
**Registered Office: 'Brady House', 12-14 Veer Nariman Road, Fort, Mumbai - 400001**
**Tel No.: +91 22 22048361- 65; Fax No.: +91 22 22041855, E-mail: info@bradys.in, Website: www.bradymorris.in; Compliance Officer: Ms. Khushmeeta Bafna**

This post offer public announcement dated 7th October 2020 (**"Post offer PA"**) is being issued by Shivum Holdings Private Limited (the **"Acquirer"**) along with W H Brady & Co. Limited (in capacity as a person acting in concert with the acquirer)("**PAC**") to the Public Shareholders [as defined under Regulation 2(1)(v) of the Securities and Exchange Board of India (Delisting of Equity Shares) Regulations, 2009, (the **"Delisting Regulations"**) as amended from time to time] ("**Public Shareholders**") of Brady and Morris Engineering Company Limited (the **"Company"**), in respect of the proposed acquisition and consequent voluntary delisting of fully paid up equity shares of the company with a face value of INR 10 each (**"Equity Shares"**) from the BSE Limited (**"BSE"**), pursuant to the applicable provisions of the Delisting Regulations and in accordance with the terms and conditions set out in the public announcement dated 14 September 2020 and published on 14 September 2020 (**"Public Announcement"**) in (I)Business Standard (English, all editions); (ii) Business Standard (Hindi, all editions); and (iii) Lakshadeep (Marathi, Mumbai Edition)(collectively, the **"newspapers"),** and the letter of offer dated 14 September 2020 (**"Letter of Offer"**).

This post offer PA is in continuation of and should be read in conjunction with the Public Announcement and the Letter of Offer. Capitalized terms used in this Post offer PA and not defined herein shall have the same meaning as ascribed to it in the Public Announcement and the Letter of Offer.

The Acquirer and PAC issued the Public Announcement and Letter of Offer to acquire up to 5,90,349 Equity Shares representing 26.25% of the total issued equity share capital ("**Offer Shares**") of the company from the Public Shareholders in accordance with the Delisting Regulations and on the terms and conditions set out in the Public Announcement and the Letter of Offer. The Public Shareholders holding Equity Shares of the company were invited to tender their Equity Shares ("**Bids**") pursuant to the reverse book building process as prescribed in the Delisting Regulations through the Stock Exchange Mechanism ("**Reverse Book Building**") during the Bid period starting from Wednesday, 23 September, 2020 and ending on Tuesday, 29 September, 2020 in accordance with the Delisting Regulations.

**1.DISCOVERED PRICE**
1.1.In terms of Regulation 15(1) of the Delisting Regulations, the price determined as the discovered price [being the price at which the shareholding of the Promoter reaches 90% (ninety percent) of the paid-up equity share capital of the company pursuant to the book building process in the manner specified in Schedule II of the Delisting Regulations] is Rs. 750 (Rupees Seven Hundred and Fifty only) per Equity Share. ("**Discovered Price**")

**2.FAILURE OF THE DELISTING OFFER**
2.1.The Acquirer and the PAC have decided to reject the Discovered Price and has also decided not to make any counter offer in terms of Regulation 16(1A) of the Delisting Regulations. Accordingly, the Delisting offer is deemed to have failed in terms of Regulation 19(1) of the Delisting Regulations.
2.2.The Acquirer and the PAC will not acquire any Equity Shares tendered by the Public Shareholders in the Delisting Offer and the Equity Shares of the company will continue to remain listed on BSE. Further, no final application shall be made to BSE for delisting of Equity Shares, in terms of Regulation 19(2)(b) of the Delisting Regulations.
2.3.All Equity Shares tendered in the Delisting Offer shall be returned to the respective Public Shareholders within 10 (ten) workings days from the Bid Closing Date in accordance with Regulation 19(2)(a) of the Delisting Regulations.
2.4.Further, as per the terms of Regulation 19(2)(c), the escrow account opened under Regulation 11 of the Delisting shall be closed.
3.All other terms and conditions set forth in the Public Announcement and Letter of Offer remain unchanged.
4.The details of Company Secretary and the Compliance Officer of the company are as follows:
**Name:** Ms. Khushmeeta Bafna
**Designation:** Company Secretary & Compliance Officer
**Address:** 12 / 14, Brady House, Veer Nariman Road, Fort, Mumbai, Maharashtra, 400001
**Email:** cs@bradys.in
**Tel. No.:** +91 (022) 2204 8480
**This Post Offer PA is issued by the Acquirer and the PAC in terms of Regulation 18 of the Delisting Regulations**

| MANAGER TO THE OFFER | REGISTRAR TO THE OFFER |
|---|---|
| **KUNVARJI FINSTOCK PRIVATE LIMITED**<br>Block B, First Floor, Siddhi Vinayak Towers, Off S.G. Highway Road, Mouje Makarba, Ahmedabad- 380051.<br>**CIN:** U65910GJ1986PTC008979<br>**Tel No.:** +91 79 6666 9000<br>**F:** +91 79 2970 2196;<br>**Email:** atul.chokshi@kunvarji.com;<br>**Website: www.kunvarji.com**<br>**Contact Person:** Mr. Atul Chokshi<br>**SEBI Reg. No.:** MB/INM000012564 | **BIGSHARE SERVICES PRIVATE LIMITED**<br>1st Floor, Bharat Tin Works Building, Opp. Vasant Oasis, Makwana Road, Marol, Andheri (East), Mumbai – 400059<br>**CIN:** U99999MH1994PTC076534<br>**Tel No.:** + 91-22-6263 8200<br>**F:** 022 - 28475207 / 62638299<br>**Email:** jibu@bigshareonline.com<br>**Website:** www.bigshareonline.com<br>**Contact Person:** Mr. Jibu John<br>**SEBI Reg. No.:** INR000001385 |

**For and on behalf of the Board of Directors of Shivum Holdings Private Limited and W H Brady & Co. Limited**

| | |
|---|---|
| **Mr. Vaibhav Morarka**<br>**Director of Shivum Holdings Private Limited** | **Mr. Vaibhav Morarka**<br>**Director of W H Brady & Co. Limited** |

**Place: Delhi**
**Date: 7th October 2020**